# प्रतिवेदन

**कार्य का नाम :–** राज्य योजना के अन्तर्गत ज्ञानसू साल्ड मोटर मार्ग से उपला बस्ती ज्ञानसू तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य (लम्बाई 1.25 किमी) हेतु वनभूमि/सिविल सोयम भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव 0.576 है0।

उक्त मोटर मार्ग की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश संख्या– 5384/111(2)/10–02 (एम0एल0ए0)/2010 दिनांक 13.12.2010 के द्वारा 1.00 किमी0 लम्बाई हेतु रू0 12.60 लाख की प्राप्ति हुई है।

इस मार्ग का समरेखण 1.250 किमी0 हेतु अधीक्षण अभियन्ता छठा वृत लो0नि0वि0 उत्तरकाशी के पत्रांक–2729 याता/689 सी0–6/2015–16 दिनांक 21/08/2015 के द्वारा स्वीकृत हुआ है। प्रस्तावित समरेखण का भूगर्भीय निरीक्षण भू–वैज्ञानिक द्वारा दिनांक 04/01/2015 को किया गया, भूगर्भीय निरीक्षण आख्या पृष्ठ संख्या पर संलग्न है। यह मोटर मार्ग पूर्व निर्मित ज्ञानसू साल्ड मोटर मार्ग के किमी0 1 से ज्ञानसू उपला बस्ती तक निर्मित किया जाना है।

इस मोटर मार्ग के निर्माण से ज्ञानसू उपला बस्ती जो नगर पालिका परिषद उत्तरकाशी के वार्ड न0 7 के अन्तर्गत आता है तथा जिसकी आबादी 1906 है, के ग्राम वासियों का सीधा सम्पर्क मोटर मार्ग द्वारा जनपद मुख्यालय से होगा। इस मोटर मार्ग के समरेखण मे आने वाले वृक्षो की संख्या 126 है एवं इस मार्ग के निर्माण हेतु इन वृक्षो का पातन आवश्यक है। समरेखण मे आने वाली भूमि का विवरणवार बारचार्ट संलग्न है जिसके अनुसार 640 मी0 लम्बाई में सिविल सोयम वनभूमि एवं 610 मी0 ल0 मे नापभूमि पडती है । इस मोटर मार्ग निर्माण हेतु ली जाने वाली भुमि की चोडाई 9.00 मी0 रखी गयी है जिसके अनुसार मोटर मार्ग के लिए 0.576 है0 सिविल सोयम वनभूमि हस्तान्तरण की आवश्यकता है।

अतः 0.576 है0 सिविल सोयम वनभूमि कुल 0.576 है0 वनभूमि हस्तान्तरण मोटर मार्ग निर्माण हेतु अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, उत्तरकाशी के पक्ष में हस्तान्तरण करने की स्वीकृति हेतु प्रेषित।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
उत्तरकाशी

21/10/15
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
उत्तरकाशी